'चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य तय करे सरकार'

नई दिल्ली: इस समय मिलों के पास लगभग एक करोड़ टन चीनी का भारी स्टॉक जमा होने के बीच उद्योग निकाय भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बुधवार को मांग की कि चीनी क्षेत्र को संकट से निजात दिलाने के लिए सरकार को चीनी के मौजूदा न्यूनतम बिक्री मूल्य को 26 रुपये किलो से बढ़ाकर 36 रुपये प्रति किलो करना चाहिये और इसका 70 लाख टन का निर्यात कोटा अनिवार्य कर देना चाहिये। भारत ने विपणन वर्ष 2017-18 (अक्टूबर-सितंबर) में रिकॉर्ड 3.2 करोड़ टन चीनी का उत्पादन किया है। यह उत्पादन 2.6 करोड़ टन की घरेलू मांग के मुकाबले अगले विपणन वर्ष में 3.5 से 3.55 करोड टन तक बढ़ने का अनुमान है। इस्मा के महानिदेशक अबिनाश वर्मा ने किंग्समैन एशिया शुगर सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'चीनी क्षेत्र एक बड़े संकट में है। हम चाहते हैं कि चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य 36 रुपये प्रति किलो कर दिया जाए।'

The economic Times.
06-09-18.